अमर उजाला नई दिल्ली | मंगलवार | 14 जून 2011

सेक्टर-62 स्थित पीएमओ अपार्टमेंट में स्थित मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

नौ देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की

नोएडा। सेक्टर-62 के पीएमओ अपार्टमेंट में स्थित मंदिर का नवीनीकरण कर देवी-देवताओं की मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में दो दिनों तक भजन-कीर्तन और अन्य कार्यक्रम हुए। मंदिर में नौ देवी देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर के लिए दक्षिण भारत से 16 पुजारियों को बुलाया गया था। जिन्होंने भगवान गणेश, राधे-कृष्ण, विष्णु-लक्ष्मी, शिव-पार्वती, मां दुर्गा, राम परिवार, हनुमान जी, नवग्रह और साईं बाबा की मूर्तियों का विधि-विधान से पूजा कर प्रतिष्ठापित किया। इस दौरान शनिवार पूरी रात्रि पूजा अर्चना और भजन-कीर्तन चलते रहे। रात्रि पूजन में गणपति होमाम नामक विशेष पूजा की गई। शनिवार रात्रि से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के बाद रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में सोमवार सुबह तक कार्यक्रम चलते रहे। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल कुमार गुप्ता, जेएमएम करैत, एससी पराशर, अनुपम कौल, विशाल चौधरी, मदनमोहन शर्मा, संजय सहाय, रवि किशन, संजय गोयल एवं मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीके कुमार, शंकरान ने विशेष सहयोग दिया।

मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मौजूद लोग।